वर्ष 30 अंक 141
Pages 12
Bareilly, Friday,
1 February 2019
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City - ₹ 2/-
Outside Bareilly City - ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

Page No :06 Bottom

एकेटीयू फेस्ट 2019 का समापन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (31 Jan): श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में एकेटीयू जोनल फेस्ट 2019 का वेडनसडे आयोजन हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने कला का प्रदर्शन किया. डीन एकेडेमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने ने आई कैन और कैन आई की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए स्टूडेंट्स का प्रोत्साहन किया. कार्यक्रम में बरेली के 5 कॉलेज, मुरादाबाद के 2 कॉलेज के स्टूडेंट्स ने भाग लिया.

बरेली के 5 और मुरादाबाद के 2 कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने भाग लिया.

फेस्ट में 7 प्रतियोगिताएं हुई

फेस्ट में 7 प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ. इसमें बिजनेस प्लान प्रतियोगिताओं में पांच टीमों ने, चेक योर नॉलेज प्रतियोगिता के फर्स्ट स्टेप में 9 टीमों ने, रोबो रेस प्रतियोगिता में चार टीमों ने, रोबो वार प्रतियोगिता में चार टीमों ने, ब्रिज कृति में 5 टीमों ने एवं जुगाड़ प्रतियोगिता में 3 टीमों ने प्रतिभाग किया. फेस्ट के दूसरे दिन कोडिंग कंटेस्ट में 8 टीमों ने, वाद-विवाद प्रतियोगिता में 11 टीमों ने, पोस्टर प्रतियोगिता में 5, जस्ट ए मिनट में 6 टीमों, रोबो रेस के अंतिम चरण में 4 व रोबो वार के अंतिम चरण में 2 टीमों ने प्रतिभाग किया. फेस्ट में करीब 150 प्रतिभागियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया. इस मौके पर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. राजेश त्यागी और शैलेश सक्सेना आदि मौजूद रहे.